# मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा "FSSAI भारतीय खाद्य सुरक्षा के अनुपालन एवं प्रवर्तन की चुनौती" विषयक कार्यशाला की घोषणा

कानपुर, 8 सितंबर 2025:

आज मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की हेल्थ एंड लाइफस्टाइल मैनेजमेंट समिति द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में आगामी कार्यशाला “FSSAI: भारतीय खाद्य सुरक्षा के अनुपालन एवं प्रवर्तन की चुनौती” की जानकारी साझा की गई। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम बुधवार, 10 सितंबर 2025 को आयोजित होगा।

इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. शमशेर, कुलपति, एच.बी.टी.यू., कानपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर, तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री संजय प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त, FSSAI, कार्यशाला को संबोधित करेंगे।

प्रेस वार्ता को विजय पांडे एवं टीकमचंद सेठिया ने संबोधित किया।

विजय पांडे ने बताया कि कार्यशाला में खाद्य तेल के प्रयोग और गुणवत्ता मानकों पर विशेष चर्चा की जाएगी। मुंबई से टी.पी.सी./टी.पी.एम. विशेषज्ञ श्री मितेष गांधी खाद्य तेलों के मापदंडों, विशेषतः तलने में प्रयुक्त तेल की गुणवत्ता और उससे स्वास्थ्य पर प्रभाव एवं लागत प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन देंगे। यह सत्र मिठाई, नमकीन, बेकरी, होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा।

इंदौर से खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ श्री रामनाथ सूर्यवंशी वर्चुअली जुड़कर FSSAI के मानकों के अनुपालन एवं प्रवर्तन की जटिलताओं पर मार्गदर्शन देंगे।

गोष्ठी में आयल इंडस्ट्री, फ्लोर मिल, बेकरी, मिठाई, नमकीन, होटल, रेस्टोरेंट एवं कैटरिंग से जुड़े व्यवसायी एवं उनके कर्मचारी भाग लेंगे।

इस कार्यशाला का उद्देश्य है — उद्योग जगत को FSSAI के प्रावधानों के प्रति शिक्षित करना, उन्हें अद्यतन जानकारी देना तथा आने वाली चुनौतियों से अवगत कराना। साथ ही यह प्रधानमंत्री जी के उस दृष्टिकोण से भी प्रेरित है, जिसमें कम तेल का प्रयोग, सरल कानून और स्वस्थ भारत के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

गोष्ठी के दौरान संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट जनों का सम्मान भी किया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान ट्रेड समिति के सदस्य —ईश्वर वर्मा, गीता गुप्ता, संदीप जैन, सहस्त्रांशु अग्रवाल, एवं पूजा भट्ट (सहायक सचिव, मर्चेंट्स चेम्बर) उपस्थित रहे।

सादर अनुरोध है कि आप उक्त कार्यक्रम को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें।